# शादी के बाद पत्नी की विदा कराने आए युवक की बाइक भिड़ी, 2 की मौत

नवभारत न्यूज
मुरैना/अंबाह, 19 दिसंबर।



11 दिसंबर को शादी होने के बाद पत्नी की विदाई कराने आए युवक की बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से भिड़ गई। हादसे में दोनों बाइक सवार की

**महुआ थाना क्षेत्र में रुधावली बस स्टैंड के पास शुक्रवार की शाम हुआ हादसा**

मौत हो गई। एक्सीडेंट महुआ थाना क्षेत्र में रुधावली बस स्टैंड के पास शुक्रवार शाम 4.30 बजे हुआ। दोनों युवकों के शव पोस्टमार्टम के लिए मुरैना भेजे गए है।



जानकारी के अनुसार भिंड जिले के अटेर क्षेत्र के विंडवा गांव में रहने वाले गोलू 20 पुत्र सियाराम ओझा की शादी मुरैना के महुआ थाना क्षेत्र के रुधावली गांव में रहने वाली शिवानी पुत्री दिलीप ओझा से 11 दिसंबर को हुई थी। शादी के बाद शिवानी विदा होकर मायके लौट आई। 18 दिसंबर गुरुवार को गोलू बाइक लेकर रुधावली गांव में अपनी ससुराल विदा कराने के लिए आया था। गोलू के बड़े भाई की ससुराल भी रुधावली से 3 किमी दूर जहारपुरा गांव में है, इसलिए वह बाइक लेकर वहां चला गया। शुक्रवार को शाम 4.30 बजे गोलू भाई की ससुराल से अपनी ससुराल रुधावली आ रहा था। इसी दौरान रुधावली बस स्टैंड के पास सामने से बाइक पर सवार होकर आ रहे बड़ापुरा उसैद निवासी आशीष 28 पुत्र श्रीनिवास की बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों बाइक सवार के सिर में गहरी चोट लगी और वह अचेत होकर सड़क पर गिर गए। आशीष व गोलू को इलाज के लिए सिविल हॉस्पिटल अंबाह पहुंचाया गया। जहां से उन्हें मुरैना रैफर किया गया। मुरैना अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों घायलों को मृत घोषित कर दिया।

**पत्नी विदा के लिए तैयार थी, घर पहुंचीं पति की मौत की खबर**

गोलू की पत्नी शिवानी अपनी ससुराल जाने के लिए हाथों में मेहंदी और सुहाग का जोड़ा पहनकर तैयार बैठी थी। लेकिन पति गोलू के पहुंचनें के बजाय उसकी मौत की खबर घर आई तो घर में कोहराम मच गया। मात्र 7 दिन में ही शिवानी का सुहाग उजड़ गया। इधर हादसे में मारे गए आशीष का भी 4 साल का एक बेटा है।

# बिहारी कॉन्वेंट स्कूल में शिक्षकों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



नवभारत न्यूज
मुरैना, 19 दिसंबर। अशासकीय शैक्षणिक संस्था बिहारी कॉन्वेंट स्कूल की सीबीएसई ब्रांच में शुक्रवार को शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रख्यात सामाजिक उद्यमी, विज्ञान संप्रेषक, लेखक और शोधार्थी शुभर्णो चक्रवर्ती बतौर रिसोर्स पर्सन उपस्थित रहे।

कार्यशाला में श्री चक्रवर्ती ने शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, रचनात्मक एवं नवाचारपूर्ण बनाने के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने डिजाइन थिंकिंग, क्रिएटिव थिंकिंग, विज्ञान संप्रेषण और गणित विषय को रोचक ढंग से पढ़ाए जाने की आधुनिक विधियों से शिक्षकों को अवगत कराया। संवादात्मक इस सत्र में शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा किए और कक्षा प्रशिक्षण से जुड़े प्रश्नों को लेकर सार्थक चर्चा हुई। विद्यालय प्रबंधन ने इस कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को नई शैक्षणिक चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

## एक नजर में

### मनोज गुर्जा भाजपा के जौरा मंडल प्रभारी नियुक्त



मुरैना/जौरा, 19 दिसंबर। वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज सिंह सिकरवार गुर्जा को भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने जौरा मंडल का प्रभारी नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर मनोज गुर्जा ने कहा है कि संगठन ने प्रभारी के रूप में उन्हें जो दायित्व सौंपा है। उसे निभाने के लिए वे भरसक प्रयास करेंगे और संगठन को सशक्त बनाकर जन-जन को भाजपा से जोड़ने के लिए कार्य करेंगे। अपनी नियुक्ति पर श्री गुर्जा ने मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताया है। उन्हें बधाई देने वालों में दीपक यादव, अरविंद श्रीवास, विवेक यादव, श्याम सिकरवार, रूबी सिकरवार, पवन शर्मा मोहनपुर, राजपाल सिकरवार, सुखवीर सिंह तोमर, लालू सिकरवार, विवेक जादौन, श्यामू सिकरवार आदि शामिल है।

### आज जौरा में नवनियुक्त कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों का होगा सम्मान

मुरैना/जौरा। जौरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का आज 20 दिसंबर को स्थानीय विधायक पंकज उपाध्याय के कार्यालय पर सम्मान किया जाएगा। प्रेस विज्ञप्ति में विकास त्यागी ने बताया कि इस सम्मान समारोह में ब्लॉक अध्यक्ष जौरा रामहेत त्यागी, पहाड़गढ़ राजकुमार धाकड़, कैलारस हरेन्द्र यादव और चिन्नौनी चंबल धर्मेन्द्र सिकरवार को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में विधायक श्री उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 2 बजे से होगा।

### जौरा कॉलेज में विवाद, भृत्य बोला छात्रों ने बेल्ट से पीटा



मुरैना/जौरा। शासकीय कॉलेज जौरा में शुक्रवार को अनुशासनहीनता का मामला सामने आया। दोपहर एक बजे एनसीसी की परेड समाप्त होने के बाद कॉलेज परिसर में तैनात भृत्य के साथ कुछ एनसीसी छात्रों ने मारपीट कर दी। जानकारी के अनुसार आशु रजक 23 पुत्र महेश रजक जो कॉलेज में भृत्य के पद पर कार्यरत है, परेड खत्म होने के बाद कॉलेज बंद करने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान उसने कॉलेज कैंपस में मौजूद एनसीसी छात्रों से बाहर निकलने के लिए कहा तो एनसीसी छात्र उग्र हो गए। उन्होंने भृत्य के साथ लात-घूंसे तथा बेल्ट से मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आया। वीडियो के सामने आने से कॉलेज में सुरक्षा व्यवस्था और छात्रों के अनुशासन को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़ित की ओर से कार्रवाई की मांग की जा रही है, वहीं कॉलेज प्रशासन की भूमिका पर भी नजरें टिकी हुई हैं।

### कलेक्टर ने आजीविका रूरल मार्ट का किया निरीक्षण



मुरैना। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ द्वारा मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित आजीविका रूरल मार्ट का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव भी उपस्थित रहे। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत कलेक्टर ने आजीविका मिशन की साईं कृपा स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित रूरल मार्ट से जूट से निर्मित उत्पादों को क्रय किया। स्टोर को अधिक आकर्षक बनाने एवं उसके विस्तार हेतु भविष्य की कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए। इस अवसर पर साईं कृपा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्षा श्रीमती आराधना धाकड़ द्वारा कलेक्टर को बाजरा का कलश भेंट कर अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया गया।

### खेत में सिंचाई को लेकर युवक की मारपीट, फायरिंग

मुरैना। नूराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खिरावली में 18 दिसंबर को खेत पर फसलों की सिंचाई कर रहे सुरेश सिंह गुर्जर 55 पुत्र बेताल सिंह गुर्जर का बल्लू गुर्जर, संजय गुर्जर, हन्ना गुर्जर नि .महाराज सिंह का पुरा से झगड़ा हो गया, इस दौरान आरोपियों ने गालियां देते हुए कट्टे से हवाई फायरिंग कर डाली। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### अपर कलेक्टर आज बानमोर में बैठक लेंगे

मुरैना/बानमोर। बाजार से अतिक्रमण हटानेए हाईवे पर आए दिन होने वाली दुघर्टनाओं और ट्रैफिक जाम रोकने के लिए एडीएम अश्विनी रावत 20 दिसंबर को दोपहर 12 बजे बानमोर में व्यापारियों, आमजन व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक लेंगे। नगर परिषद कार्यालय में होने वाली बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों सहित एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारी जन समस्या पर विस्तृत रूप से चर्चा करेंगे।

### जौरा में पचबीघा रोड पर डिवाइडर तोड़कर गाड़े विद्युत पोल



मुरैना/जौरा। कस्बे की पचबीघा रोड पर सड़क के बीचोंबीच लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए डिवाइडर को तोड़कर बिजली के पोल लगा दिए गए है। इतना ही नहीं जगह-जगह डीपी भी बीच सड़क पर रखी जा रही हैं, जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए हादसे की वजह बन सकते हैं। चिंताजनक स्थिति यह है कि लोहे के इन खंभों को मजबूती देने के लिए फाउंडेशन तक नहीं बनाए गए है। ऐसे में हल्की टक्कर या तेज हवा में भी इनके गिरने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि काम बिना किसी तकनीकी जांच और सुरक्षा मानकों के किया जा रहा है। न तो यातायात व्यवस्था का ध्यान रखा गया और न ही आम जनता की सुरक्षा का। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि खंभों को पुख्ता फाउंडेशन के साथ लगाया जाए सड़क पर फैला मलबा तत्काल हटाया जाए।

## एक्सीडेंट में जख्मी दो महिलाओं की इलाज के दौरान मौत

मुरैना, 19 दिसंबर। सिविल लाईन थाना क्षेत्र में विगत 24 नवंबर को मुरैनागांव के पास हुए रोड एक्सीडेंट में महिला रजनी राजपूत 35 पत्नी राममोहन राजपूत निवासी मुरैनागांव बुरी तरह जख्मी हो गई थी। उसे ग्वालियर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान रजनी की मौत हो गई। एक अन्य हादसे में 1 नवंबर को जख्मी हुई वृद्ध महिला नारायणी देवी 99 पत्नी दौलतराम नि. मुंगावली की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

**सबलगढ़ में युवक की मारपीट का केस दर्ज : मुरैना।** सबलगढ़ कस्बे में 18 दिसंबर को भीमसिंह जादौन 33 पुत्र बिजेन्द्र सिंह जादौन नि. अटार की नए बस स्टैंड पर आकाश रावत नि. अटार, रूपा गुर्जर नि. हीरापुर ने गालियां देते हुए मारपीट कर डाली। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

# गुरूवार को जिस धान की बोली 2800, दूसरे दिन 2400 लगाई, हंगामा

नवभारत न्यूज
मुरैना, 19 दिसंबर। परीक्षा गांव के किसान दिवाकर सिंह तोमर 17 दिसंबर को अपनी धान की फसल को भाड़े के ट्रेक्टर-ट्रॉली में भरकर एमएसपी पर बेचने के लिए कृषि उपज मंडी पहुंचा था। 18 दिसंबर को मंडी में खरीदी चालू हुई तो व्यापारियों ने दिवाकर की धान की

**किसानों ने मंडी प्रशासन और व्यापारियों पर लगाए आरोप**

फसल की बोली 2800 रूपये लगाई। दिवाकर ने इस रेट पर अपनी फसल नहीं बेचा और मंडी में ही रुकने का फैसला लिया। दूसरे दिन 19 दिसंबर को जब व्यापारियों ने उसके धान की बोली 2400 रूपये लगाई तो उसका पारा सातवें आसमान पर चढ़ गया। दिवाकर की तरह वहां मौजूद अन्य किसान भी अपनी फसल की बोली घटने पर





तमतमाए हुए थे। गुस्साए किसानों ने व्यापारियों सहित मंडी प्रशासन पर मनमानी करने के आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। करीब दो घंटे तक चले हंगामें के बाद एसडीएम भूपेन्द्र सिंह कुशवाह मौके पर पहुंचें और किसानों को समझा-बुझाकर हंगामें को शांत कराया।

यहां बताना होगा कि इन दिनों कृषि उपज मंडी में धान, बाजरा उपार्जन की खरीदी चल रही है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान अपनी फसलों को समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए पहुंच रहे है। गल्लामंडी मुरैना में धान खरीदी में व्यापारियों एवं मंडी प्रशासन की मनमानी एवं धांधली के आरोपों को लेकर किसानों ने हंगामा खड़ा कर दिया, आरोपों से व्यापारी भी तिलमिला गए। दोनों पक्षों के बीच जोरदार बहस के बाद विवाद की स्थिति बनी, इस दौरान किसान व्यापारियों पर भारी पड़ते हुए दिखाई देने लगे। तब मंडी प्रशासन ने एसडीएम मुरैना सहित पुलिस को सूचना दी।

एसडीएम बीएस कुशवाह मौके पर पहुंचें, उन्होंने गुस्साए किसानों सहित व्यापारियों की बात सुनी। दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप को सुनने के बाद एसडीएम श्री कुशवाह ने किसानों को समझा-बुझाकर हंगामा शांत कराया। तब कहीं जाकर करीब दो घंटे बाद खरीदी प्रक्रिया शुरू हो सकी।

**व्यापारियों की मनमानी, मनमाने दामों पर कर रहे खरीदी**

गल्ला मंडी में हंगामा कर रहे किसान दिवाकर सिंह तोमर निवासी ग्राम परीक्षा और सरनाम सिंह निवासी ग्राम अरदौनी का कहना था कि जिस धान की फसल की व्यापारियों ने 18 दिसंबर को 2800 रूपये प्रति क्विंटल की बोली लगाई थी। 24 घंटे बाद उसकी फसल के लिए व्यापारी 2400 रूपये प्रति क्विंटल की रेट देने की बात कर रहे है। यह व्यापारियों की मनमानी है, मंडी प्रशासन की मिलीभगत से यह सब गड़बड़ चल रही है।

# अतिक्रमण टूटे तो कब्जाधारकों ने पिता-पुत्र को लाठियों से पीटा





नवभारत न्यूज
मुरैना/सुमावली, 19 दिसंबर। बीते दिनों सुमावली क्षेत्र के भ्रमण पर गए कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ से ग्रामीणों ने गांव की हरिजन बस्ती में अवैध अतिक्रमण के चलते जलभराव की समस्या की शिकायत की।

कलेक्टर के निर्देश पर नायब तहसीलदार श्यामसुंदर ने तीन दिन का नोटिस देकर वहां बने अवैध चबूतरे आदि तोड़ दिए। शुक्रवार को हरिजन बस्ती में रहने वाला मुन्नालाल पुत्र सरमन जाटव और उसका बेटा मोनू अपने प्लॉट पर मौजूद था। इसी दौरान गांव में रहने वाले अनिल जाटव, गिर्राज जाटव और प्रदीप जाटव लाठी-डंडे लेकर आए गए। आरोपियों ने मुन्ना व उसके बेटे मोनू से कहा कि तेरी शिकायत की वजह से हमारे चबूतरे, नालियां अतिक्रमण के नाम पर जेसीबी से तोड़ी गईं। जब मुन्ना व उसके बेटे मोनू ने आरोपियों को गालियां देने से मना किया तो उन्होंने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे दोनों पिता-पुत्र घायल हो गए। पीड़ितों का जौरा पुलिस ने अस्पताल में मेडिकल कराकर तीनों आरोपियों के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

**सुमावली क्षेत्र के कीरतपुर गांव में हुई घटना, 3 लोगों पर केस दर्ज**

# किसान सभा का तहसील सम्मेलन आयोजित



नवभारत न्यूज
सबलगढ़, 19 दिसम्बर। मध्य प्रदेश किसान सभा का तहसील सम्मेलन अन्नपुर्णा गार्डन में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन वरिष्ठ किसान नेता गया राम सिंह धाकड़ ने किया और समापन किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी ने किया। नेता द्वय ने किसान आंदोलन के इतिहास ,वर्तमान और भविष्य के बारे में विस्तार से विचार व्यक्त किए ।किसानों को एकजुट करने, खेती को बचाने, देश को बचाने, लोकतंत्र और संविधान को बचाने के संघर्ष को आगे बचाने के संघर्ष को तेज करने,किसान सभा के संगठन को मजबूत करने की अपील की। सम्मेलन में प्रतिवेदन मुरारी लाल धाकड़ ने प्रस्तुत किया। जो विचार विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से पारित किया गया। सम्मेलन में तहसील समिति का निर्वाचन हुआ। जिसमें अध्यक्ष भानसिंह जादौन कार्यकारी अध्यक्ष आदिराम आर्य ,महासचिव योगेश सिंह धाकड़ सहायक सचिव सुरेश जाटव आदि चुने गए। सम्मेलन की अध्यक्षता राकेश शुक्ला आदिराम आर्य ,घमंडी केवट, श्रीमती सावित्री जाटव के अध्यक्ष मंडल ने की और कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के उपरांत रैली निकालकर किसानों ने मनरेगा के स्थान पर ले गए जी राम जी कानून की प्रतियां जलाई और प्रदर्शन किया। 21 जनवरी को जिला सम्मेलन मुरैना में आयोजित किया गया है।

# पं . बिस्मिल की भांति संकीर्णता से उठकर ज्ञान आत्मसात करें : जांगिड़





नवभारत न्यूज
मुरैना/अंबाह, 19 दिसंबर। बिस्मिल का अर्थ होता है बलिदानी अथवा सबके लिए सर्वस्व समर्पित करने वाला। अमर शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल सिर्फ क्रांतिकारी ही नहीं बल्कि एक कवि भी थे। उन्होंने जाति-पाति, धर्म, भाषा से ऊपर उठकर विभिन्न देशों, भाषा और सभी संप्रदायों से सीखा और अपने ज्ञान का प्रसार किया। इसलिए छात्रों और युवा पीढ़ी को भी उनकी तरह सीमित मानसिकता और संकीर्ण विचारधारा से ऊपर उठकर ज्ञान अर्जन करना चाहिए, यही अमर शहीद को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

यह बात कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कही। डाइट परिसर स्थित बिस्मिल मंदिर पर शुक्रवार सुबह समाजसेवियों, छात्र-छात्राओं, पूर्व सैनिकों, स्काउट-गाइड की मौजूदगी में पं. बिस्मिल की प्रतिमा का दूध-गंगाजल से अभिषेक किया गया। इसके बाद हवन कर पूजा-अर्चना हुई। इसके बाद 21 तोपों से पुष्प सलामी दी गई। इससे पूर्व कलेक्टर ने शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा स्थल पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इस मौके पर जिपं सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, एडीएम अश्विनी रावत, मुरैना एसडीएम, बिस्मिल सेवा संघ के नरेश सिंह सिकरवार आदि मौजूद थे।

**पूजा-अर्चना के बाद हुआ हवन, तोपों की सलामी दी, बरबाई तक निकाली मशाल यात्रा**

**बरवाई के लिए रवाना की मशाल यात्रा, जगह-जगह स्वागत :** आयोजन के बाद कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने डाइट परिसर से शहीद के पैतृक गांव बरवाई के लिए मशाल यात्रा रवाना की। यह यात्रा शहीद संग्रहालय, बड़ोखर से होकर बरबाई पहुंची, इस दौरान यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

**जौरा में आजादी के महानायकों को याद किया :** ाहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और रोशन सिंह को जौरा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी मंच ने श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व विधायक महेशदत्त मिश्र, विधायक पंकज उपाध्याय, जगदीश शुक्ला, सुरेश शर्मा, माताप्रसाद शर्मा, बीके पाराशर, पवन कटारे, दिनेश पाराशर, विजय जैन, छोटू त्यागी आदि लोग प्रमुख हैं।



**अंबाह-बिस्मिल की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को बांटे कंबल**

काकोरी कांड के नायक पं . रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, रोशन सिंह एवं राजेंद्र लाहिड़ी के बलिदान दिवस पर आचार्य आनंद क्लब ने नपा चौराहे पर स्थित बिस्मिल प्रतिमा पर श्रद्धांजलि दी और जरूरतमंदों को कंबल बांटे। इस मौके पर आचार्य आनंद क्लब के अध्यक्ष अरविंद मावई, अजय जैन, सुधीर आचार्य, बालकृष्ण शर्मा, मास्टर ट्रेनर विश्वनाथ सिंह गुर्जर, दुष्यंत सिंह तोमर, महेंद्र सखवार, अंकित मिश्रा, मनोज शर्माए रविशकांत कटारे सहित क्लब के अन्य सदस्य व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



**2 हजार स्कूलों में 60 हजार छात्रों ने लिखा निबंध, मेधावी चयनित**

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ की पहल पर जिलेभर की 2 हजार स्कूलों में बिस्मिल पर आधारित निबंध प्रतियोगिता हुई, जिसमें 60 हजार छात्रों ने हिस्सा लिया। इस पर कलेक्टर ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ बच्चों को जोड़ना नहीं 60 हजार बच्चों तक बिस्मिल के विचारों को पहुचाना था। निबंध प्रतियोगिता में जिलास्तर पर चयनित छात्रों का चयन किया गया। जिसमें गौरी गुप्ता शासकीय कन्या उमावि पोरसा, दिव्यांशी शर्मा सांदीपनी उमावि अंबाह, प्राची तोमर उत्कृष्ट उमावि मुरैना, अंशिका शर्मा शासकीय उमावि सहदेवन का पुरा, तपस्या परमार शासकीय जीडी जैन उमावि मुरैना क्रमश: पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवे नंबर पर रहीं। इन सभी मेधावियों को सम्मानित कर प्रमाण पत्र दिए गए।



**25 लाख से तैयार बिस्मिल पार्क की बाउण्ड्रीवाल का लोकार्पण**

शहीद पं . रामप्रसाद बिस्मिल के 98वें शहादत दिवस पर पोरसा ब्लॉक के ग्राम बरबाई में भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ, जिसमें विसं अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने पं . रामप्रसाद बिस्मिल को नमन करते हुए कहा उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर उन्होंने 25 लाख की लागत से बनी बिस्मिल पार्क की बाउंड्रीवाल का भी लोकार्पण किया। इस मौके पर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, जिपं सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, पूर्व विधायक सत्यप्रकाश सखवार, सरपंच रामनरेश सहित अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।